**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**15 जून 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज रेवाड़ी में लगभग 288 करोड़, 31 लाख रुपये की 14 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी जिले के लिए सड़क निर्माण, विद्यालयों के भवनों के निर्माण एवं सीवरेज लाइन बिछाने सहित कई विकास परियोजनाओं की घोषणा की।
- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में ब्रहमसरोवर पर योग मैराथन का आयोजन किया गया। युवाओं को योग से जुड़ने और नशों से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि 21 जून तक हरियाणा में हरित योग अभियान के तहत 10 लाख औषधीय पौधे लगाये जायेंगे।
- मौसम विभाग ने 20 जून तक 40 से 50 किलोमीटर प्रति घन्टे की रफ़्तार से आंधी चलने और हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज रेवाड़ी में नवनिर्मित जेल के उद्घाटन सहित 288 करोड़ 30 लाख 93 हजार रुपये की 14 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। रेवाड़ी के राव तुलाराम स्टेडियम में आयोजित धन्यवाद रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार रेवाड़ी का विकास तीन गुना गति से करेगी। आज रेवाड़ी को मिली परियोजनाओं पर मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी नीति, नीयत और नेतृत्व स्पष्ट है। पार्टी के संकल्प पत्र में 217 वादे किए गए थे, जिसमें 28 वादे पूरे कर दिए गए हैं और  90 इस साल पूरे हो जाएंगे। रैली में केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, सहकारिता एवं जेल मंत्री डा. अरविंद शर्मा और तिजारा से विधायक बाबा बालकनाथ ने भी शिरकत की।

**********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज रेवाड़ी में एक जंनसभा के दौरान जिले के लिए कई विकास परियोजनाओं की घोषणा की। जिनमें रेवाड़ी में पानी की आपूर्ति के लिए भगवानपुर में 9 एकड़ 7 कनाल भूमि में 50 करोड़ 58 लाख रुपये की लागत से अतिरिक्त जल भंडारण के लिए टैंक

का निर्माण, गांव डूंगरवास में 7 करोड़ 20 लाख रुपये की लगत से पीने के पानी के लिए बूस्टिंग स्टेशन और नई पाइन लाइन बिछाना और गांव गोकुलपुर में 7 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से जल घर का निर्माण व नई पाइप लाइन बिछाना शामिल है। मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी में भूमि उपलब्ध होने पर एक बड़ा पुस्तकालय बनाने और  शहर में सीवरेज की नई लाइन बिछाने का ऐलान भी किया। इसके अलावा रेवाड़ी में मार्केट कमेटी का भवन बनाने, कर्नल राम सिंह चौक के पास फ्लाई ओवर के निर्माण, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की पांच सड़कों के नवीनीकरण और करोड़ों रूपय की लागत से कई अन्य सड़कों का निर्माण व मरम्मत करवाने की घोषणा की गई। मुख्यमन्त्री ने कहा कि भूमि उपलब्ध होने पर जिला नागरिक अस्पताल से ट्रामा सेंटर को नई जगह स्थानांतरित किया जाएगा। धारूहेड़ा के शहरी स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा। नगर परिषद रेवाड़ी के नए भवन कार्यालय का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने भूमि उपलब्ध होने पर राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काकोडिया के भवन का निर्माण करवाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लड़कों के राजकीय महाविद्यालय के भवन का भी निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैसानी बैराज में फैक्ट्रियों के दूषित पानी के समाधान के लिए मल शोधन संयंत्र लगाए जाएंगे और पानी को शुद्ध करके बैराज में छोड़ा जाएगा जो कृषि के लिए उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के गांवों के विकास कार्यों को लेकर अलग से 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की।

************************************************************************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज कुरुक्षेत्र में ब्रहमसरोवर पर योग मैराथन का आयोजन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने योग मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस बार के  थीम के अनुसार हरियाणा के युवाओं को योग से जुड़ने और नशों से दूर रहने का संकल्प भी दिलाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को योग युक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर योग मैराथन एक संकल्प यात्रा बनी है। सरकार ने भी राष्ट्र की संपत्ति युवा वर्ग को नशे से बचाने के लिए **योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा** बनाने का संकल्प लिया है। हमारी संवाददाता ने बताया है कि इस योग मैराथन में हजारों बच्चों, जवानों व महिलाओं ने भी भाग लिया। मैराथन के धावकों पर मुख्यमंत्री नायब सैनी और जिलाध्यक्ष व उपायुक्त नेहा सिंह ने फूल बरसाए। योग मैराथन कुरुक्षेत्र ब्रहमसरोवर से शुरू होकर रेलवे मार्ग, पंजाबी धर्मशाला से होते हुए पुरुषोत्तमपुरा बाग में संपन्न हुई। योग मैराथन में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।  महिला और पुरुष वर्ग में प्रथम आने वालों को 51-51 हजार, दूसरे

स्थान पर आने वाले को 31-31 हजार, तीसरे स्थान पर रहने वाले को को 21-21 हजार और अन्य 14 को 10-10 हजार रुपये के पुरस्कार दिए गए।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग को अपनाकर लोग रोग मुक्त हो रहे हैं। जींद में पंजाब नेशनल बैंक में वरिष्ठ बैंक प्रबंधक के पद पर कार्यरत राजकुमार जागलान ने योग से होने वाले लाभ से प्रेरित होकर भारतीय योग संस्थान से न केवल खुद योग की बारीकियां सीखी, बल्कि लोगों को भी योग सिखा रहे हैं। श्री राजकुमार जागलान ने बताया-

वह पिछले पांच वर्षो से स्वास्थ्य विभाग के पॉली क्लीनिक में अल सुबह भारत योग संस्थान के बैनर तले नित **जीवन दो और जीने दो** के अभियान को जारी रखे हुए हैं।
आकाशवाणी समाचार ने उनके पास आने वाले योग साधकों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि उन्हें योग करने से बीमारियों से निजात मिली है।

**********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय योग महोत्सव में लाखों की संख्या में लोग योग करने पहुंचेगे। इसके अलावा पतंजलि योग पीठ, भारतीय योग संस्थान, ब्रह्माकुमारी और आर्ट ऑफ लिविंग जैसी संस्थाएं भी प्रदेश में 2500 स्थानों पर योग शिविर आयोजित करेंगी। मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र में मैराथन के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को योग के प्रति जागृत करने के लिए योग जागरण यात्रा का आयोजन किया गया है जो 19 जून तक प्रदेश के 5 हजार गांवों तक पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरित योग अभियान के तहत पौधारोपण को लेकर 21 जून तक 10 लाख औषधीय पौधे बांटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारी योग कर तनाव मुक्त रह सकें इसके लिए अब कार्यालयों में 5 मिनट का वाई-ब्रेक भी शुरू किया गया। पंजाब में लुधियाना के उपचुनाव पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उपचुनाव में बीजेपी जीत का परचम लहराएगी। उन्होंने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में दिवंगत हुई कुरुक्षेत्र के गांव रामशरण माजरा की बेटी को श्रद्धांजलि अर्पित की व सभी मृतकों के लिए शोक व्यक्त किया।

**********************************************************************

आज हरियाणा में कहीं कहीं तेज हवा चलने के साथ हल्की बूंदाबांदी भी हुई। प्रदेश में अधिकतम तापमान सिरसा में भारतीय वायु सेना क्षेत्र में 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा है कि आज चंडीगढ़ और हरियाणा के पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और कैथल सहित कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी तेज हवाएं चलने और हल्की वर्षा होने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण 20 जून तक 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से आंधी चलने की संभावना है और कल कहीं कहीं, 17 व 18 जून को कुछेक स्थानों पर और उसके बाद कई

स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान भी 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

*************************************************************************